**कार्यालय मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।**
**पत्रांक– 207 /11–सी–FP/UP/Rail/43121/2019, लखनऊ, दिनांकः जुलाई 16 ,2021**

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव,
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग–2,
उ0प्र0 शासन, लखनऊ।

विषयः– उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा जंघई–प्रतापगढ़–अमेठी रेलवे ट्रैक के दोहरीकरण में जनपद जौनपुर (किमी0 847.170 से 868.000 तक) में प्रभावित 11.5778 हे0 संरक्षित वनभूमि एवं 450 वृक्षों/पौधों के पातन, जनपद प्रतापगढ में (किमी0 868.000 से 924.000 तक) प्रभावित 29.5555 हे0 संरक्षित वनभूमि एवं 4471 वृक्षों/पौधों (2673 वृक्षों/पौधों एवं प्राकृतिक रूप से उगे 1798 पौधों को मिलाकर 4471 वृक्षों/पौधों) के पातन तथा जनपद अमेठी में (किमी0 924.000 से 934.450 तक) प्रभावित 6.1698 हे0 संरक्षित वनभूमि एवं 2816 वृक्षों/पौधों के पातन अर्थात कुल 47.3031 हे0 संरक्षित वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 7737 वृक्षों/पौधों के पातन की अनुमति के सम्बन्ध में।

संदर्भः– भारत सरकार का पत्रांक–8बी/यू0पी0/07/162/2020/एफ0सी0/05, दिनांक 05.04.2021

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्र का अवलोकन करने की कृपा करें। भारत सरकार के उपरोक्त संदर्भित पत्र के द्वारा विषयगत प्रकरण में सैद्वान्तिक स्वीकृति निर्गत की गयी है। उक्त सैद्वान्तिक स्वीकृति में निहित शर्तों की समेकित बिन्दुवार अनुपालन आख्या वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक, सामाजिक वानिकी वृत्त, प्रयागराज के पत्रांक–196/15–1, दिनांक 13.07.2021 द्वारा इस कार्यालय को प्रेषित किया गया है तथा प्रकरण में प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा एन0पी0वी0 एवं क्षतिपूरक वृक्षारोपण की धनराशि एड–हॉक कैम्पा में ऑनलाइन e-payment portal के माध्यम से ई–चालान द्वारा जमा किया गया है, जिसकी पुष्टि संलग्न है।

अतः उक्त पत्र की छायाप्रति सहित समेकित बिन्दुवार अनुपालन आख्या ऑनलाइन ''परिवेश'' पोर्टल पर अपलोड कर दो प्रतियों में इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया विषयगत प्रकरण में आवश्यक अग्रेत्तर कार्यवाही करने की कृपा करें।

**संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।**

**भवदीय**

**(अनुपम गुप्ता)**
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

**संख्या–207/11–सी– FP/UP/Rail/43121/2019, दिनांकित।**

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक, प्रयागराज, अयोध्या एवं वाराणसी।
2. प्रभागीय वनाधिकारी/निदेशक, जौनपुर, प्रतापगढ एवं अमेठी।
3. श्री राज किशोर, अधिशासी अभियन्ता उत्तर रेलवे, चारबाग, लखनऊ।

**(अनुपम गुप्ता)**
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

Acy-684